आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 19.02.2025 समय : 02.10

मुख्यमंत्री उमरिया

जबलपुर के ग्राम उमरिया में 10 करोड़ की लागत से नगर निगम हाईटेक गौ-शाला का निर्माण कर रहा है। इसका भूमिपूजन आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। गौ-शाला करीब 53 एकड़ में आकार लेगी। इसकी क्षमता 10 हजार गौ-वंश की होगी। मुख्यमंत्री गोकलपुर के रांझी में बने खेल परिसर का भी लोकार्पण करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शहीद स्मारक जाएंगेए जहां केंद्रीय बजट पर प्रबुद्धजनों के साथ परिचर्चा में शामिल होंगे। इस दौरान मुख्य वक्ता के रूप में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी भी मौजूद रहेंगे।

शिवराज-ग्रामीण अर्थव्यवस्था

ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार ने ग्रामीण नागरिकों के जीवन को अधिक आरामदायक बनाने के लिए कई क्रांतिकारी योजनाए शुरू की हैं। श्री सिंह ने नई दिल्ली में अफ्रीकी-एशियाई ग्रामीण विकास संगठन - **एएआरडीओ** के एक कार्यक्रम में कहा कि भारत एएआरडीओ के बहुपक्षीय मंच के माध्यम से ज्ञानए तकनीकी विशेषज्ञता और नीतियों का आदान-प्रदान करना जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि भारत एएआरडीओ को अपने समर्थन के साथ ग्रामीण समुदाय को सशक्त बनाएगा।

प्रधानमंत्री.शिवाजी महाराज

महान मराठा योद्धा.राजा छत्रपति शिवाजी महाराज की आज 395वीं जयंती मनाई जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्रपति शिवाजी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि छत्रपति शिवाजी की वीरता और दूरदर्शी नेतृत्व ने स्वराज्य की नींव रखी और पीढ़ियों को साहस और न्याय के मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

प्रयागराज महाकुंभ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश सरकार प्रयागराज महाकुंभ में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्था कर रही है। इसके लिए सीमावर्ती जिला कलेक्टर्स को सजग एवं सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अपनी यात्रा प्रारंभ करने से पहले भीड़/जाम की स्थिति पर नजर बनाए रखें और रास्तों की जानकारी पहले से ही जुटा लें। अगर यात्रा असुविधाजनक हो तो यात्रा कुछ दिन के लिए स्थगित करें और मार्ग ठीक होने पर ही आगे बढ़ें।

ज्ञानेश कुमार.सीईसी

ज्ञानेश कुमार ने आज नई दिल्ली के निर्वाचन सदन में नए मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में कार्यभार संभाला। श्री कुमार ने इस पद पर राजीव कुमार का स्थान लिया है। इससे पहलेए श्री कुमार 15 मार्चए 2024 से चुनाव आयुक्त के रूप में कार्यरत थे। चुनाव आयुक्त के रूप में उनके कार्यकाल के दौरानए 18वीं लोकसभा और जम्मू. कश्मीरए हरियाणाए महाराष्ट्रए झारखंड और दिल्ली की विधानसभाओं के लिए चुनाव हुए।

महाशिवरात्री पर्व

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व व्यापक स्तर पर मनाया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न मंदिरों की साज-सज्जा सहित विविध आयोजन होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 30 मार्च को गुड़ी पड़वा पर्व पर भी बड़े स्तर पर कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि महाशिवरात्रि से उज्जैन में विक्रमोत्सव प्रारंभ होगा। इस वर्ष भी जल गंगा अभियान संचालित किया जाएगा।

समाचार संक्षेप में

- शिवपुरी जिले में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनान्तर्गत 12 लाख 8 हजार 56 पात्र हितग्राहियों में से 5 लाख 66 हजार 310 हितग्राहियों के इकेवायसी किए जा चुके हैं।
- अनूपपुर जिले की सीमावर्ती चौकी खैरझिटी के पास तीर्थ यात्रियों से भरी बस ट्रक से टकरा गई, हादसे में 1 व्यक्ति की मौत हो गई व 23 घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में कराया गया है।
- रायसेन वन मंडल में तीन रेंज में चली गिद्ध गणना में गिद्धों की संख्या 1 हजार से अधिक पाई गई। जो पिछले साल के मुकाबले 3 गुना ज्यादा है।